RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 06 अक्टूबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 168 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

महाराष्ट्र : पुणे में पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां की लाश फ्लैट में मिली...



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## 17 साल की लड़की ने की आत्महत्या!



**माहिम :** मुंबई के माहिम में 17 वर्षीय एक लड़की ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मामले की जांच में लगे अधिकारी ने बताया कि उसने कपड़ बाजार स्थित बुरहानी हवेली में फांसी लगा ली। वह पिछले दो सालों से डिप्रेशन का इलाज करा रही थी और तब से घर पर ही रहती थी। डिप्रेशन के कारण उसे पैनिक अटैक आते थे। और आज सुबह उसने अपनी बहन से कहा कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है। बहन पास में ही रहती है। इसके बाद लड़की ने उस समय फांसी लगा ली, जब उसकी बहन पास में ही अपने घर गई हुई थी और उनकी मां किसी काम से बाहर गई हुई थी। उन्होंने बताया कि माहिम पुलिस थाने में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग मामले में एनआईए की 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर रेड...

मुंबईः राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के शक में एक साथ रेड डाली है. महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में छापेमारी किये जाने की सूचना है. जानकारी के अनुसार एनआईए ये कार्रवाई आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामलों को लेकर की जा रही है. एजेंसी ने महाराष्ट्र के मालेगांव, जालना और संभाजीनगर में शनिवार सुबह ही अपने दस्ते के साथ रेड डाली. इसके बाद मौके पर एटीएस की टीम भी पहुंची. रिपोर्ट्स के अनुसार नासिक के मालेगांव में भी एनआईए टीम पहुंची है.




यहां मशारिकी स्कॉलर रोड स्थित एक होम्योपैथिक क्लिनिक में छापेमारी की जा रही है. देर रात शुरू हुई यह छापेमारी अभी भी जारी है. साथ ही एजेंसी ने दिल्ली के मुस्तफाबाद में भी देर रात छापेमारी की. इस कार्रवाई में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और स्थानीय पुलिस भी शामिल थी.

**जम्मू-कश्मीर में बारामूला व अन्य क्षेत्रों में भी एजेंसी ने रेड डाली**

इस दौरान कई संदिग्ध सामान मिले हैं, और एनआईए ने कुछ संदिग्धों को नोटिस भी दिया है. एक या दो लोगों को पूछताछ के लिए ले जाने की जानकारी मिली है. यह कार्रवाई रात को शुरू होकर सुबह तक चलती रही. इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में बारामूला और अन्य क्षेत्रों में भी एजेंसी ने रेड डाली. बारामूला में मौलवी इकबाल भट के घर पर छापा मारा गया, यहां एनआईए ने सुरक्षा बलों की मदद से तलाशी की. फिलहाल, इस कार्रवाई में किसी गिरफ्तारी या महत्वपूर्ण सामान की बरामदगी की रिपोर्ट नहीं आयी है, लेकिन जांच अभी जारी है. बता दें कि एक अक्टूबर को एनआईए ने पश्चिम बंगाल के कई जिलों पर एक साथ रेड डाली थी.

## मोबाइल टावरों से उपकरण चुराने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार



**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 40 लाख रुपये का सामान बरामद किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी एक अधिकारी ने बताया कि गिरोह कथित तौर पर अचोले, वलिव, पेल्हार और बिहार सहित विभिन्न पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में चोरी के 20 मामलों में शामिल था उन्होंने बताया कि आरोपी मुंबई, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस 5जी नेटवर्क के कामकाज के लिए जरूरी एजेडएनए कार्ड की चोरी की जांच कर रही थी और उन्होंने मीरा-भायंदर और वसई-विरार इलाकों में जांच का दायरा बढ़ा दिया है उन्होंने बताया कि तकनीकी और खुफिया सूचनाओं की मदद से पुलिस ने गिरोह का पता लगाया और उनके पास से चोरी के 36 कार्ड बरामद किए गिरोह ने चोरी की गई वस्तुओं के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में कथित तौर पर बदलाव किया और फिर उन्हें हांगकांग और चीन के ब्लैकमार्केट में बेच दिया। जांच से पता चला है कि उपकरण न केवल मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई से चुराए गए थे, बल्कि बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, पंजाब और गोवा से भी चुराए गए थे।

## भिवंडी तालुका इलाके के गोदाम में लगी भीषण आग... पूरी कंपनी जलकर खाक।



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी तालुका वालशिंद में वी लॉजिस्टिक गोदाम में बड़ी मात्रा में हाइड्रोलिक ऑयल, कपड़ा, प्लास्टिक का सामान और केमिकल रखा हुआ था. उसमें भयानक आग की घटना में सारा सामान जलकर खाक हो गया. मिली जानकारी के अनुसार भिवंडी तालूका वालशिंद में रात लगभग दो बजे वी लॉजिस्टिक गोदाम में भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई, गोदाम में भारी मात्रा में रसायन केमिकल होने से ड्रम फट फटकर आग लगातार फैलती चली गई, आग की लपटें दूर दराज तक नजर आ रहा था, आसपास के उपनगरों से अग्निशमन दल की गाड़ियां आग बुझाने में लगी थी, लेकिन गोदाम में आयल, केमिकल, व प्लास्टिक के माल होने की वजह से आग बुझाने में लगभग 12 घंटे लग गए, तब जाकर आग पर काबू पाया गया, भिवंडी में भीषण आग की यह घटना मुंबई-नासिक हाईवे के पास वालशिंद की है जहां पर आग की इस घटना में पूरा गोदाम जलकर खाक हो गया.

**गोदाम में रखा था ये सामान**

भिवंडी स्थित वी लॉजिस्टिक गोदाम में बड़ी मात्रा में हाइड्रोलिक ऑयल, कपड़ा, प्लास्टिक का सामान और केमिकल रखा हुआ था. आग लगने के कारण गोदाम में रखा सारा सामान जलकर खाक होने की सूचना है. अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इससे कितने रुपये के सामान का नुकसान हुआ है और आग कैसे लगी थी।

## गोवंडी इलाके में सांसद के बेटे की कार ने शख्स को मारी टक्कर...

### बुरी तरह जख्मी, आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई के गोवंडी इलाके में सांसद चंद्रकांत हंडोरे के बेटे गणेश की गाड़ी से एक शख्स को टक्कर लगी है. इस घटना में गोपाल आरोटे नाम के शख्स के सिर में चोटें आई हैं, जिसके बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जख्मी हुए शख्स का इलाज चल रहा है. पुलिस ने सांसद के बेटे गणेश को गिरफ्तार कर लिया है. चूंकि उनका शुगर लेवल 550 है और भी बीमारी है जिसकी वजह से उसे खख अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने 110, 125(), (b),281, BNS और मोटर वेहीकल एक्ट की धारा 134(), (b), 184 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है.




**यवतमाल में मंत्री की कार पिकअप वैन से टकराई**

इससे पहले महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में शुक्रवार (4 अक्टूबर) को शिवसेना नेता और राज्य के कैबिनेट मंत्री संजय राठौड़ की कार तड़के एक पिकअप वैन से टकरा गई थी, इस घटना में जिससे वैन का ड्राइवर बुरी तरह से जख्मी हो गया था. आर्णी पुलिस थाना क्षेत्र में दिग्रस के पास कोपरा गांव में रात करीब दो बजे हुई दुर्घटना में मंत्री के कार के एयरबैग खुल गए जिसकी वजह से कोई नुकसान नहीं हुआ.

शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के क्षेत्र के दौरे से पहले तैयारियों का जायजा लेने के बाद मंत्री पड़ोसी वाशिम जिले के पोहरादेवी से यवतमाल की ओर जा रहे थे. इसी दौरान राठौड़ की कार एक पिकअप वैन से टकरा गई, जिससे उसका ड्राइवर घायल हो गया. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि यवतमाल जिले के संरक्षक मंत्री राठौड़ ने पिकअप वाहन के ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया.

**पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में 2 की गई थी जान**

गौरतलब है कि इसी साल 19 मई को महाराष्ट्र के पुणे में पोर्श कार सवार नाबालिग युवक ने दो लोगों को कुचल दिया था. नाबालिग पर आरोप था कि उसने बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिसकी वजह से एक युवक और युवती की मौत हो गई. नाबालिग एक बड़े कारोबारी का बेटा था, उस पर नशे की हालत में कार चलाने का आरोप था. इस हिट एंड रन केस को लेकर काफी हंगामा मचा था.

## 60 वर्षीय सेवानिवृत्त रेलवे क्लर्क से 9 लाख रुपये की ठगी, मामला दर्ज




**मुंबई :** कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव बनकर ठगों ने ठाणे की 60 वर्षीय सेवानिवृत्त रेलवे क्लर्क को फि शिंग स्कैम में 9 लाख रुपए का चूना लगा दिया। 21 सितंबर को, उस व्यक्ति को एक कॉल आया जिसमें दावा किया गया कि भुगतान के बावजूद पिछले महीने का बिजली बिल अपडेट नहीं किया गया है। घोटालेबाज ने उसे समस्या को हल करने के लिए 10 रुपए का लेनदेन करने या कनेक्शन काटने का निर्देश दिया। बाद में, घोटालेबाज ने उसे वीडियो कॉल किया, व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक भेजा, जिस पर उसने क्लिक किया और निर्देशों का पालन किया। इसके तुरंत बाद, उसके खाते से 9.28 लाख रुपए उड़ा लिए गए। धोखाधड़ी का एहसास होने पर, पीड़िता ने अपना खाता ब्लॉक कर दिया और पुलिस को अपराध की सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### विश्व शांति के लिए खतरा बना ईरान...

हिजबुल्ला के मुखिया हसन नसरुल्ला की इजरायली हमले में मौत के बाद पश्चिमी एशिया में तनाव की आग और भड़क गई है। नसरुल्ला की मौत के जवाब में ईरान ने इजरायल पर मिसाइलों से हमला बोला। इजरायल ने इन मिसाइल हमलों का बदला लेने की कसम खाई है। इससे पहले इजरायल ने ईरान में हमास चीफ इस्माइल हानिया को भी ढेर किया था, लेकिन तब ईरान ने इजरायल पर कोई सीधी सैन्य कार्रवाई नहीं की थी। इस बार लेबनान में विभिन्न इलेक्ट्रानिक उपकरणों में विस्फोटों के जरिये हजारों हिजबुल्ला आतंकियों के घायल होने और कई के मारे जाने और फिर नसरुल्ला की मौत के बाद ईरान अत्यंत मजबूर दिखने लगा और उसके द्वारा समर्थित विभिन्न आतंकी गुटों के भीतर ही ईरान की इजरायल नीति को लेकर आवाजें उठने लगी थीं। ईरान में 1979 की इस्लामिक क्रांति के चलते आयतुल्ला खोमैनी के नेतृत्व में बनी कट्टरपंथी इस्लामिक सरकार ने पूरे पश्चिमी एशिया में आतंकी संगठनों का जाल बिछाया। इस्लामिक जगत का नेतृत्व शिया वर्ग के हाथ में लेने के लिए खोमैनी के नेतृत्व वाले ईरानी शासनतंत्र ने पूरे विश्व के मुस्लिम मानस को प्रभावित करने वाले फलस्तीन के मुद्दे को चुना और इजरायल के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष छेड़ने के लिए हिजबुल्ला जैसे आतंकी संगठनों को समर्थन देना शुरू किया। शिया और सुन्नी इस्लाम के समीकरणों की एक खास बात यह है कि कोई सुन्नी मुसलमान शिया भी बन सकता है, क्योंकि मुस्लिम जगत में शिया अल्पसंख्यक हैं। इसलिए खोमैनी के कठमुल्ला तंत्र के लिए यह आवश्यक था कि वह सुन्नी अतिवादियों के भी एक तबके को अपने साथ ले। चूंकि अधिकांश सुन्नी अतिवादी शिया इस्लाम के कट्टर विरोधी हैं और आर्थिक रूप से सुन्नी अरब देशों पर निर्भर रहे हैं, इसलिए ईरान के लिए यह चुनाव आसान नहीं था। ऐसे में सुन्नी मुस्लिम ब्रदरहुड की फलस्तीन इकाई यानी हमास ईरान का औजार बनी। खोमैनी ने इस्लामिक शासन का जो कट्टरवादी माडल मुस्लिम जगत के सामने पेश किया, उससे दुनिया भर के इस्लामिक कट्टरपंथी प्रभावित हुए। इसका एक परिणाम यह हुआ कि अरब जगत की तमाम सेक्युलर सरकारें और तानाशाह धीरे-धीरे अपनी लोकप्रियता खोते गए और इस्लामिक कट्टरपंथी मजबूत होते गए। जो सुन्नी राजशाहियां इस लहर में बच भी पाईं, उन्होंने अपने ऊपर से दबाव हटाने के लिए दूसरे देशों में सुन्नी जिहादी संगठनों का समर्थन करना शुरू किया, जिसकी परिणति अलकायदा से लेकर तालिबान जैसे तमाम सुन्नी आतंकी संगठनों के उदय के रूप में हुई।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# भिवंडी में नरसिंहानंद गिरी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गई...



**मुस्तकीम खान**
**भिवंडी :** भिवंडी नरसिंहानंद सरस्वती ने पैगम्बर की शान में गुस्ताखी करने के विरोध में भिवंडी के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में मामला दर्ज किया गया है नरसिंहानंद की ओर से ऐसे अपमानजनक भाषें का प्रयोग किया गया जिसकी कल्पना करना मुश्किल है,

इसी को लेकर भिवंडी के भोईवाड़ा पुलिस में आदिल एकबाल अहमद ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है उन्होंने कहा कि इससे मुसलमानों की भावनाओं को बहुत ठेस पहुंची है और मुसलमान बेहद गुस्से में हैं, क्योंकि मुसलमान सब कुछ बर्दाश्त कर सकते हैं लेकिन अपने पैगंबर की शान में गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं कर सकते, वहीं आदिल इकबाल मोमिन के साथ ए आई एम आई एम पार्टी के नेता रवीश मोमिन और कई लोग मौजूद रहे। इसी तरह रजा अकादमी ने मुहम्मद शकील रजा के नेतृत्व में भिवंडी से एक प्रतिनिधिमंडल ने भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में भी शिकायत दर्ज कराई थी. रजा अकादमी भिवंडी के अध्यक्ष मोहम्मद शकील रजा ने कहा कि मुसलमानों के दिलों को ठेस पहुंचाने और सोशल मीडिया के माध्यम से इस्लाम को बदनाम करने, अल्लाह और रसूल की शान के खिलाफ अपमानजनक और घृणित कार्य करने का सिलसिला अभी भी नहीं रुक रहा है। इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। और मांग की है कि नरसिंहानंद के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए और उन्हें गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए. शहर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि उनकी शिकायत पर कार्रवाई जरूर की जाएगी. और भोईवाड़ा थाने में एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है, आपकी मांग के साथ हम इसे गाजियाबाद पुलिस तक पहुंचा देंगे. शकील रजा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में मुहम्मद शरजील रजा, पूर्व नगरसेवक परवेज रजा, सैयद अब्दुल हमीद, सैयद तंजील, नफीस मोमिन आदि मौजूद रहे.

# वर्ली हिट एंड रन केस में चार्जशीट दाखिल

## दो लोगों का लाइसेंस और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर रद्द...



**मुंबई :** वर्ली में हुए एक्सीडेंट मामले में वर्ली पुलिस ने अदालत में चार्जशीट फाइल की है। यह चार्जशीट 713 पेज की है, जिसमें 38 गवाहों के बयान का दर्ज किया गया है। इस दुर्घटना में कावेरी नखवा नामक महिला की मृत्यु हो गई थी। जिसकी जांच वर्ली पुलिस कर रही थी। चार्जशीट में बताया गया है कि साक्ष्य के अनुसार घटना के वक्त मिहिर शाह शराब के नशे में था। जिसके तहत पुलिस ने मामले में मोटर वाहन अधिनियम की धारा बढ़ा दी है। जबकि मिहिर शाह और राजर्षि बिदावत का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है और वाहन का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया गया है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि उन्होंने एक टैक्सी चालक का पता लगा लिया है, जिसने दुर्घटना देखी थी। जल्द ही उसकी गवाही मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज की जाएगी। मुख्य आरोपी मिहिर शाह, राजर्षि बिदावत और मिहिर शाह के पिता राजेश शाह का नाम शिवड़ी कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में दर्ज है। हाल ही में वर्ली पुलिस ने एक टैक्सी ड्राइवर को पकड़ा जो घटना के समय सीजे हाउस के बाहर खड़ा था। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी ड्राइवर महिला को कैसे घसीट कर ले गया।

### पुणे : 21 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार के सिलसिले में दो संदिग्धों के स्केच जारी

**पुणे :** पुणे पुलिस ने 3 अक्टूबर की रात पुणे के बोपदेव घाट इलाके में 21 वर्षीय लड़की के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के सिलसिले में दो संदिग्धों के स्केच जारी किए। पुलिस ने कोंढवा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक का संपर्क नंबर भी दिया है। एक विज्ञप्ति में, पुलिस ने जनता से निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करने की अपील की है: 8691999689 (विनय पाटनकर, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, कोंढवा पुलिस स्टेशन), 8275200947/9307545045 (युवराज हांडे, पुलिस निरीक्षक, अपराध शाखा इकाई 5), और 02026122880 (नियंत्रण कक्ष, पुणे सिटी पुलिस)।

# भयंदर में एक आलीशान बंगले से संचालित हो रहे जुए के अड्डे का भंडाफोड़...!

**मीरा-भायंदर:** असामाजिक तत्वों के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए मीरा भयंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने भयंदर में एक आलीशान बंगले से संचालित हो रहे जुए के अड्डे का भंडाफोड़ किया। पुलिस के अनुसार, एक महिला सहित दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। साथ ही अड्डा संचालक की पहचान मिलिंद सुधाकर म्हात्रे (44) के रूप में की गई है। उन्हें अवैध गतिविधियों में शामिल होने के लिए महाराष्ट्र जुआ रोकथाम अधिनियम, 1987 की संबंधित धारा के तहत गिरफ्तार किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस उपनिरीक्षक प्रसाद गौले के नेतृत्व में एक टीम सर्च वारंट के साथ भयंदर (पश्चिम) के मुर्धा गांव इलाके में स्थित भाग्यश्री बंगले की दूसरी मंजिल पर शाम करीब 6 बजे पहुंची। पुलिस टीम ने जुआरियों को घेर लिया, जो ताश के खेल पर पैसे का दांव लगा रहे थे। छापे के दौरान ताश के पत्तों और विभिन्न रंगों के प्लास्टिक चिप्स (जिन्हें खिलाड़ी खेल में जीत की रकम में बदल सकते हैं) सहित जुआ सामग्री के अलावा 7,400 रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई। आगे की जांच जारी है। पॉश रिहायशी इलाकों में लॉज और फ्लैट के बाद, जुड़वां शहर के ग्रामीण इलाकों में स्थित बंगले जुआरियों के लिए अपनी नापाक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पसंदीदा जगह बन गए हैं।



# एनसीपी नेता सचिन कुर्मी की हथियार से हत्या!



**मुंबई** : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) (अजित पवार गुट) के नेता सचिन कुर्मी की हत्या कर दी गई। मुंबई पुलिस ने कहा, ''एनसीपी (अजित पवार गुट) के नेता सचिन कुर्मी की कल रात मुंबई के बायकुला इलाके में अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।'' मुंबई पुलिस ने कहा कि कुर्मी पर मुंबई के बायकुला इलाके में म्हाडा कॉलोनी के पीछे धारदार हथियार से हमला किया गया।

मुंबई पुलिस ने बताया, ''यह घटना आधी रात को करीब 12:30 बजे हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सचिन को नजदीकी जेजे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद कुर्मी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।'' पुलिस ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सचिन कुर्मी पर हमला किसने किया। पुलिस के मुताबिक, हमले में 2 से 3 लोग शामिल थे। इस घटना ने इलाके में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है। विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

# सावरकर पर टिप्पणी के लिए गुंडू राव माफी मांगें या प्रवेश पर प्रतिबंध का सामना करें



**ठाणे**: महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना ने कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस नेता दिनेश गुंडू राव से हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर पर की गई उनकी आलोचनात्मक टिप्पणियों के लिए माफी मांगने को कहा। पार्टी प्रवक्ता नरेश म्हास्के ने चेतावनी दी कि अगर राव 24 घंटे के भीतर माफी नहीं मांगते हैं तो उन्हें महाराष्ट्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा, जहां सावरकर एक पूजनीय व्यक्ति हैं। कर्नाटक के मंत्री ने अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया कि सावरकर मांस खाते थे और गोहत्या के खिलाफ नहीं थे। राव ने बुधवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कहा, ''सावरकर, एक 'चितपावन ब्राह्मण' थे, मांस खाते थे। वह मांसाहारी थे और वह गोहत्या के खिलाफ नहीं थे। वह एक तरह से आधुनिक थे।''

ठाणे शहर के आनंद आश्रम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, म्हास्के ने स्वतंत्रता सेनानी के घोर अपमान के खिलाफ आवाज नहीं उठाने के लिए कांग्रेस की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा। ठाणे से लोकसभा सांसद ने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री को हिंदुत्व के समर्थक शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की तस्वीरें लगाने का कोई अधिकार नहीं है। शिवसेना प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा 'भ्रष्ट' हो गई है। 'इसलिए, उनके नेता सावरकर के बारे में ऐसे बयान दे रहे हैं।

उम्मीद थी कि शिवसेना (यूबीटी) कर्नाटक के मंत्री गुंडू राव की सावरकर पर अपमानजनक टिप्पणी का विरोध करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।' म्हास्के ने कहा कि क्योंकि वे (सेना यूबीटी) सोनिया गांधी और राहुल गांधी (कांग्रेस नेताओं) से डरते हैं। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने सिर्फ सत्ता के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। म्हास्के ने शिवसेना (यूबीटी) नेता और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे से हिंदुत्व और सावरकर के खिलाफ टिप्पणी पर अपनी पार्टी की स्थिति स्पष्ट करने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया, 'चुनावों के मद्देनजर सावरकर का अपमान करना कांग्रेस की साजिश है।' महाराष्ट्र में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।

# अंधेरी वेस्ट स्टेशन पर कुछ समय के लिए "भगदड़ जैसी स्थिति"



**मुंबई**: दहिसर और अंधेरी वेस्ट के बीच मुंबई मेट्रो लाइन 2ए पर यात्रा करने वाले यात्रियों ने शुक्रवार को दावा किया कि अंधेरी वेस्ट स्टेशन पर कुछ समय के लिए ''भगदड़ जैसी स्थिति'' बनी रही, हालांकि अधिकारियों ने कहा कि यह ''अत्यधिक भीड़भाड़'' थी, जो एक ही समय पर आने वाली दो ट्रेनों के कारण हुई थी।सोशल मीडिया उपयोगकताओं ने भीड़ के वीडियो साझा किए और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मेट्रो रेल कर्मचारियों की कमी का भी दावा किया। यात्रियों ने दावा किया कि मेट्रो लाइन 2ए और लाइन 1 (घाटकोपर-अंधेरी-वसोर्वा) के बीच आम पहुंच को अत्यधिक भीड़ के कारण बंद कर दिया गया था, जिससे स्थिति और खराब हो गई।

एक्स पर एक उपयोगकर्ता प्रसाद पाटिल ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा, ''अंधेरी वेस्ट मेट्रो स्टेशन और डीएन नगर मेट्रो स्टेशन के बीच अचानक पहुंच बंद होने के कारण भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोई कर्मचारी नहीं था और कोई योजना भी नहीं थी।''वीडियो में स्टेशन पर भीड़भाड़ दिखाई दे रही थी, जिसमें यात्री प्रवेश करने और बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रहे थे। पाटिल ने कहा, ''मुझे लगता है कि अंधेरी वेस्ट मेट्रो स्टेशन से डीएन नगर स्टेशन तक सीधी ट्रांजिट बंद होने के कारण भीड़ थी। अगर आपको ट्रांजिट बंद करना ही है, तो कृपया भीड़ प्रबंधन और नियंत्रण की योजना बनाएं।''''मेट्रो से यात्रा करने के लिए यह अच्छा दिन नहीं है,'' यूजर प्रीति ने लिखा, जबकि एक अन्य यूजर ट्विंकल ने पूछा, ''आज #मुंबई मेट्रो #लोकल ट्रेन की तरह क्यों काम कर रही है?'' घाटकोपर-अंधेरी-वसोर्वा लाइन का संचालन करने वाली मुंबई मेट्रो वन ने कहा कि लाइन 2ए पर तकनीकी खराबी के कारण डीएन नगर स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी।

महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमएमओसीएल) के अधिकारियों ने कहा कि सिग्नलिंग समस्या के कारण सेवाएं बाधित हुईं, लेकिन यह घटना तब हुई जब सेवाएं फिर से शुरू हुईं।एमएमएमओसीएल अंधेरी वेस्ट और दहिसर के बीच लाइन 2ए पर मेट्रो सेवाएं संचालित करता है, साथ ही दहिसर और अंधेरी ईस्ट (गुंडावली) के बीच लाइन 7 पर भी मेट्रो सेवाएं संचालित करता है।एमएमएमओसीएल के एक अधिकारी ने बताया, ''सिग्नलिंग में समस्या के कारण, एक मेट्रो ट्रेन को गुंडावली और मोगरा के बीच 4-5 मिनट के लिए रुकना पड़ा।

# आईएएस लोकेश चंद्रा का रूप धारण करके जालसाज ने 13 लाख रुपए ठग




**मुंबई**: एक बिजली ठेकेदार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के एमडी आईएएस लोकेश चंद्रा का रूप धारण करके एक जालसाज ने उससे 13 लाख रुपए ठग लिए। जालसाज ने पीड़ित से कहा कि उसे अपने रिश्तेदार के इलाज के लिए पैसे की जरूरत है और उसने ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस के अनुसार, पीड़ित धुले का रहने वाला है और उसकी फर्म टरएऊछ के लिए ठेके लेती है। 13 सितंबर को उसे एक व्यक्ति का फोन आया जिसमें उसने बताया कि टरएऊछ के एमडी ने एक ठेकेदार का संपर्क नंबर मांगा है।


उसने पीड़ित से कहा कि उसने अपना नाम और नंबर एमडी को दे दिया है। कुछ समय बाद पीड़ित को एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को चंद्रा बताया और कहा कि उसके चाचा अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें पैसों की तत्काल जरूरत है। इसके बाद फोन करने वाले ने 8 लाख रुपए मांगे। पीड़ित ने फोन करने वाले द्वारा बताए गए बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद पीड़ित को फिर से उसी व्यक्ति का फोन आया जिसने पीड़ित से उसी खाते में 5 लाख रुपए ट्रांसफर करने को कहा। पीड़ित ने फिर से पैसे ट्रांसफर कर दिए। बाद में पीड़ित को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है और उसने पुलिस से संपर्क किया।

# मानसून के बाद व्यापक रनवे रखरखाव योजना...!



**मुंबई** : मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (सीएसएमआईए), मानसून के बाद व्यापक रनवे रखरखाव योजना के हिस्से के रूप में, क्रॉस रनवे - आरडब्ल्यूवाई 09/27 और आरडब्ल्यूवाई 14/32 17 अक्टूबर, 2024 को 1100 बजे से 1700 बजे तक अस्थायी रूप से गैर-परिचालन होंगे। यह निर्धारित अस्थायी बंद सीएसएमआईए की वार्षिक मानसून के बाद निवारक रखरखाव योजना का एक हिस्सा है। इस संबंध में छह महीने पहले एक नोटिस टू एयरमैन भी जारी किया गया है। इस नियोजित बंद का प्राथमिक उद्देश्य आवश्यक मरम्मत और रखरखाव गतिविधियों को अंजाम देना है, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि हवाई अड्डे का बुनियादी ढांचा वैश्विक मानकों को पूरा करता है। मानसून के बाद रनवे रखरखाव की यह वार्षिक प्रथा सटीकता और सावधानीपूर्वक प्रयास के साथ की जाने वाली गतिविधियों की श्रृंखला का हिस्सा है, जो परिचालन निरंतरता और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करती है, इस प्रकार एयरसाइड संचालन के मूल में सुरक्षा पहले दृष्टिकोण को आत्मसात करती है।

# 29 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक बलात्कार का मामला दर्ज



**मुंबई**: मुंबई के क्रॉफर्ड मार्केट इलाके में एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में 29 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है। यहां दो लोगों ने सीएसएमटी स्टेशन परिसर में एक महिला के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना 22 सितंबर की रात को हुई। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि महिला सीएसएमटी रेलवे प्लेटफॉर्म के बाहर खड़ी थी, तभी दो अज्ञात लोग मौके पर पहुंचे। कथित तौर पर एक आरोपी ने महिला का मुंह बंद कर दिया और दो आरोपी महिला को घसीटकर पास के टैक्सी स्टैंड पर ले गए और बारी-बारी से उसके साथ बलात्कार किया।

पहले महिला की शिकायत पर सीएसएमटी रेलवे पुलिस में मामला दर्ज किया गया। बाद में मामला एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर कर दिया गया। हालांकि, समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, सूचना मिलते ही एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन के अधिकारी मामले की जांच करने दादर स्थित सामाजिक संस्था पहुंचे, लेकिन पीड़ित महिला वहां नहीं मिली। फिलहाल, पुलिस पीड़ित महिला और आरोपियों की तलाश कर रही है।

# मुंबई में चल रहा था अवैध कॉल सेंटर

## अपराध शाखा के दो यूनिट ने की छापेमारी



**मुंबई :** अपराध शाखा ने मुंबई में अवैध तरीके से चल रहे तीन कॉल सेंटर पर छापेमारी करते हुए 36 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई यूनिट 10 और 12 ने मिलकर की है। आरोपी लोगों का सिबिल स्कोर ठिक कर लोन देने और विदेशी नागरिकों को प्रतिबंधित दवाएं बेचने का आरोप है। अधिकारी ने बताया कि इनके खिलाफ करीब तीन हजार शिकायतें हैं, जिनसे इन्होंने धोखाधड़ी की है। अपराध शाखा के डीसीपी विशाल ठाकुर ने बताया कि जैसे ही उन्हें सूचना मिली कि कॉल सेंटरों के जरिए लोगों को ठगा जा रहा है, पुलिस ने इन कॉल सेंटरों की जांच की तो पता चला कि ये कॉल सेंटर अवैध रूप से चलाए जा रहे हैं। पुष्टि होने के बाद उन्होंने छापेमारी की। यूनिट 10 के अधिकारियों ने ओशिवारा पुलिस इलाके में स्थित गेट फार्मेसी एलएलपी और ऑल विन इंफो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक दो कॉल सेंटरों पर छापेमारी की। इन सेंटरों के कर्मचारी विदेशी नागरिकों को वियाग्रा, ट्रामाडोल, सियालिस और लेविट्रा जैसी प्रतिबंधित दवाएं बेच रहे थे। आरोपी वीओआईपी तकनीक का इस्तेमाल कर कॉल करते थे और विदेशी लहजे में बात करते थे। विदेशी खरीदारों को ड्रग्स के पार्सल भेजने की आड़ में घोटालेबाजों ने डॉलर में भुगतान प्राप्त किया। डीसीपी विशाल ठाकुर ने यह भी बताया कि गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति के पास ड्रग्स बेचने का कोई सरकारी लाइसेंस नहीं था। इसके अलावा अपराध शाखा यूनिट 12 ने भी आरे पुलिस स्टेशन में अवैध कॉल सेंटर पर छापा मारा। आरोपी ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाते थे जो जिनका सिबिल स्कोर खराब होने के कारण वे लोन लेने में असमर्थ थे। वे इन व्यक्तियों को कॉल करते थे, उनके सिबिल स्कोर को ठीक करने के लिए ये लोग 1,475 रुपए का ऑनलाइन भुगतान के बदले उन्हें लोन दिलाने में मदद करने का वादा करते थे। एकबार जब उन्हें पैसे मिल जाते थे तब उसके बाद कॉल का कोई जवाब नहीं देते थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों से ली गई रकम छोटी थी, यही वजह है कि कई लोगों ने शिकायत दर्ज नहीं कराई।

## तेजी से एक गतिशील हब के रूप में उभर रहा विरार



**विरार :** विरार, जो कभी मुंबई का बाहरी क्षेत्र माना जाता था, आज तेजी से विकसित हो रहा है और मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन के महत्वपूर्ण रियल एस्टेट हब के रूप में उभर रहा है। इसकी बेहतरीन कनेक्टिविटी, बढ़ती आधारभूत संरचना, और अपेक्षाकृत सस्ती दरें इसे घर खरीदारों और निवेशकों दोनों के लिए आकर्षक बना रही हैं। विरार के तेजी से विकास के पीछे कई कारक हैं, जिनमें आने वाले वर्षों में होने वाले बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजनाओं का अहम योगदान है। जॉयविल शापूरजी हाउसिंग के एमडी श्रीराम महादेवन ने कहा, विरार तेजी से एक गतिशील हब के रूप में उभर रहा है, जिसका मुख्य कारण इसकी मजबूत कनेक्टिविटी है। व्यापक लोकल ट्रेन नेटवर्क के माध्यम से यह शहर कुशलतापूर्वक मुंबई के नौकरी केंद्रों, शैक्षिक संस्थानों और अन्य सामाजिक संरचनाओं से जुड़ा हुआ है। आगामी आधारभूत संरचना परियोजनाएं, जैसे बुलेट ट्रेन, कोस्टल रोड एक्सटेंशन, विरार- अलीबाग मल्टीमॉडल कॉरिडोर और दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, इस कनेक्टिविटी को और मजबूत करेंगी और आवासीय मांग को प्रोत्साहित करेंगी।

# महाराष्ट्र : पुणे में पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां की लाश फ्लैट में मिली...



**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है. पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां की लाश एक फ्लैट में मिली. सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और फ्लैट के अंदर दाखिल हुई. पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और जांच-पड़ताल में जुट गई. शुरूआती जांच में सलिल अंकोला की मां के गले पर जख्म के निशान मिले. पुलिस हत्या और आत्महत्या के एंगल पर जांच-पड़ताल कर रही है. ये भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि सलिल अंकोला की मां ने गले पर वारकर अपने आपको जख्मी किया और ब्लीडिंग ज्यादा होने से उनकी मौत हो गई. फिलहाल पुलिस इस मामले में सीनियर एक्सपर्ट डॉक्टर्स की राय ले रही है. सलिल अंकोला की मां का नाम माला अशोक अंकोला है. उनकी उम्र 77 साल है. वो पुणे के प्रभात डेक्कन इलाके में रहती थीं।

शुक्रवार को जब उनके फ्लैट में पुलिस पहुंची तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था. पुलिस घर के अंदर दाखिल हुई तो देखा कि उनका गला चीरा गया था. आनन-फानन में पुलिस उनको अस्पताल ले गई, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी. पुणे की डेक्कन पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच कर रही है. सलिल अंकोला के परिवार के अन्य सदस्यों को इस बारे में पुलिस ने सूचना दे दी है। मामले में पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या कोई व्यक्ति फ्लैट के अंदर दाखिल हुआ था. उसने ही बड़ी सफाई से हत्या की और फिर चला गया. अभी तक पुलिस को घर के अंदर किसी फोर्स एंट्री के निशान नहीं मिले हैं. अगर फोर्स इंट्री के निशान नहीं है तो क्या जान-पहचान के व्यक्ति आया था. इसलिए फोर्स इंट्री के निशान नहीं हैं. या घर में पहले से ही कोई मौजूद था. उसने हत्या की और फिर घर से निकल गया।

या बाहरी किसी शख्स का रोल नहीं है. सलिल की मां ने खुद अपना गला काट लिया और उनकी मौत हो गई. खुद से खुद का गला काटने वाली थ्योरी पुलिस को हजम नहीं हो रही है. इसलिए पुलिस एक्सपर्ट की राय ले रही है. आखिर ऐसा क्या था कि सलिल अंकोला की मां को गला काटकर आत्महत्या करनी पड़ी. वह किस चीज या किस बात से परेशान थीं। आत्महत्या के जितने तरीके सामान्य तौर पर सामने आते हैं, उससे ये तरीका बिल्कुल अलग हैं, क्योंकि कोई व्यक्ति खुद का गला कैसे कटेगा. अगर ऐसा नहीं है तो दूसरा व्यक्ति कौन है, जिसने इस हत्या को अंजाम और इसके पीछे की क्या वजह है. फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

## तो सत्ता में बैठे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा - मनोज जरांगे



**मुंबई:** मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने चेतावनी दी कि अगर विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले उनके समुदाय को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण नहीं दिया गया, तो सत्ता में बैठे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों से भी आग्रह किया कि वे मराठा समुदाय के साथ राजनीति न करें और इसके बजाय उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में ''सही समावेश'' देने पर ध्यान केंद्रित करें।

जरांगे जालना में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे जरांगे ने कहा कि भाजपा सत्ता में है, एक घंटे के भीतर मुद्दे को सुलझा सकती है''भाजपा, जो राज्य और केंद्र दोनों जगहों पर सत्ता में है, एक घंटे के भीतर इस मुद्दे को सुलझा सकती है। वे या तो आरक्षण की सीमा बढ़ा सकते हैं या मराठों को कुनबी के रूप में ओबीसी श्रेणी में शामिल कर सकते हैं। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव से पहले मराठा आरक्षण दिया जाए, अन्यथा हम उन्हें नहीं बख्शेंगे,'' उन्होंने कहा।

## भिवंडी में आवारा कुत्तों का आतंक...!



**भिवंडी :** भिवंडी शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से नागरिकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। गलियों और सड़कों पर कुत्तों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं और उनके हमलों से अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। हाल ही में दो बच्चों की कुत्तों के काटने से मौत हो गई, जिससे शहर में दहशत का माहौल है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर निष्क्रिय है और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पड़ोसी शहरों से आवारा कुत्तों को भिवंडी में लाकर छोड़ा जा रहा है, जिससे यहां उनकी संख्या तेजी से बढ़ रही हैं.

## नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में टिकटों की कालाबाजारी... एक आरोपी गिरफ्तार



**वसई :** रेलवे टिकटों की कालाबाजारी को लेकर रेलवे सुरक्षा बल अपनी कमर पूरी तरह से कस ली है। यानी आरपीएफ अधिकारी व कर्मचारी टिकट दलाल पर पैनी नजर गड़ा रखी है। इन्ही पर अंकुश लगाने को लेकर आरपीएफ नालासोपारा ने नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में रेलवे ई-टिकट विक्री करने वाले पर कार्रवाई की है, जिसमे टिकट जप्त कर एक टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। बातें दे कि, नालासोपारा आरपीएफ ने वर्ष 2024 में लाइव टिकट और ओल्ड टिकट (कीमत 590700 रुपए) बरामद कर चुकी है। यह कार्रवाई प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेल सुरक्षा बल चर्चगेट (अजय सादानी) के आदेशानुसार वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त, मुंबई सेंट्रल (संतोष कुमार सिंह राठौड़) के नेतृत्व में नालासोपारा स्टेशन के आरपीएफ इंस्पेक्टर लोकेश यादव की टीम ने की है। बताया जाता है कि, सबसे पहले आरपीएफ टिकट दलालों की रेकी करती है। फिर टीम गठित कर, उनके अड्डों पर छापेमारी कर, मामले का खुलासा किया जाता हैं। फिलहाल, नालासोपारा आरपीएफ द्वारा ''ऑपरेशन उपलब्ध'' (ई-टिकट दलालों के खिलाफ अभियान) के तहत 3 अक्टूबर को नालासोपारा पूर्व तुलिंज रोड स्थित एक 22 वर्षीय (मनीष मिश्रा) टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com